भोजन पकाते समय आपकी सुरक्षा जांचसूची

भोजन पकाते समय होने वाली आग की घटनाएं, ब्रैम्पटन में लगने वाली आग का #1 कारण हैं।

अपने घर में रसोई संबंधी आग को रोकने के लिए भोजन पकाने के इन सुरक्षा सुझावों को अपनाएं।

- ☑ **रसोई में ही रहें** जब आप भोजन पकाते, तलते, भूनते और सेंकते हैं। यदि आप किसी कारण से रसोई से बाहर जाएं, तो बर्नर बंद कर दें।
- ☑ **अपने घर में ही रहें** जब आप कम सेंक पर भोजन पका रहे हों, बेक रहे हों या रोस्ट कर रहे हों। इसे बार-बार चेक करें और रिमाइंडर के तौर पर टाइमर का प्रयोग करें कि आप भोजन पका रहे हैं।
- ☑ **सचेत और सावधान रहें** जब आप भोजन पका रहे हों। यदि आप सचेत न हों, आपको नींद आ रही हो, अल्कोहल, ड्रग्स या दवाई ली हो, तो कभी भी भोजन न पकाएं।
- ☑ **उन चीजों को स्टोवटॉप से हटाएं, जो जल सकती हैं** और जिन्हें आग लग सकती है। उदाहरण, ओवन दस्ताने, पॉट होल्डर्स, तौलिए, कपड़ा, भोजन पकाने वाले बर्तन, फूड पैकेजिंग आदि।
- ☑ **कपड़ों को आग लगने से बचाने के लिए** भोजन पकाते समय छोटी, पूरी तरह फिट या तंग बाजू वाले कपड़े पहनें।
- ☑ **छोटे उपकरणों के प्लग हटा दें** जब उनका प्रयोग न कर रहे हों। साफ करने और संभालने से पहले हमेशा उन्हें ठंडा होने दें।
- ☑ **तैयार रहें** भोजन को पकाते समय ओवन दस्ताने और पॉट/पैन के ढक्कन को स्टोव के पास रखें।

आग लगने पर इन कार्रवाईयों के बारे में सोचें

थोड़ी-सी चिकनाई या पॉट/पैन में लगने वाली आग

- **कभी भी चिकनाई से लगने वाली आग पर पानी न डालें!**
- अपने हाथों को बचाने के लिए अपने ओवन दस्ताने पहनें।
- आग की लपटों को धीमा करने के लिए पॉट/पैन पर ढक्कन रखें।
- बर्नर बंद कर दें और जब तक पैन ठंडा न हो जाए, ढक्कन को न हिलाएं या हटाएं।
- जिस पॉट में से लपटें उठ रही हों, उसे उठाने या ले जाने की कोशिश न करें, यह आपकी त्वचा को जला देगा और यदि गिर गया, तो आग फैला देगा।

ओवन में लगने वाली आग

- आंच बंद कर दें और दरवाजा बंद रखें।
- **तब तक ओवन का दरवाजा न खोलें, जब तक वह ठंडा न हो जाए और आग पूरी तरह से बुझ न जाए।**

माइक्रोवेव ओवन में लगने वाली आग

- तुरंत माइक्रोवेव को बंद कर दें, ताकि पंखे को लपटों तक ऑक्सीजन पहुंचाने से रोका जा सके।
- **तब तक माइक्रोवेव ओवन का दरवाजा न खोलें, जब तक वह ठंडा न हो जाए और आग पूरी तरह से बुझ न जाए।**

रसोई में आग लगना, हमेशा एमरजेंसी की स्थिति होती है; तुरंत 9-1-1 डायल करें, चाहे आपको लगे कि आग बुझ गई है।

क्यों? आग, ताप और धुंआं, दरअसल अन्य हिस्सों में फैल सकता है, जिसका आपको पता नहीं लगता।

रसोई संबंधी छोटी आग को ही बुझाने की कोशिश करें, यदि ऐसा करना सुरक्षित हो।
जब शक हो: बाहर निकल जाएं और बाहर ही रहें! हमेशा 9-1-1 पर फोन करें।

905.458.5580
bramptonfire.com
firelife@brampton.ca
BramptonFire
@BramptonFireES

BRAMPTON

BRAMPTON FIRE EMERGENCY SERVICES